फ़रिश्तों (स्वर्गदूत) में विश्वास

रेटिंग:

विवरण: ´ ˜ ˜ ˋ. ˝. ˌ , ٦ ˋ ˘. ˘. ˋ˒ ˝ ˜ ๖ ˌ , ˘ ˜ ˜. ˜. ˌ , ˋ ˜˒. ˌ ٧˜

श्रेणी: लेख इस्लाम की मान्यताएं आस्था और अन्य इस्लामी मान्यताओं के छह स्तंभ

द्वारा: Imam Mufti

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

फ़रिश्तों (स्वर्गदूत) की सच्चाई



आम लोककथाओं में, फ़रिश्तों को प्रकृति की अच्छी शक्तियों, होलोग्राम छवियों या भ्रम के रूप में माना जाता है। पश्चिमी आइकनोग्राफी में फ़रिश्तों को कभी-कभी स्थूल मोहक शिशुओं या सुंदर युवा पुरुषों या महिलाओं के रूप में दर्शाया गया है, जहाँ उनके सिर के ऊपर एक आभामंडल होता है। इस्लामी सिद्धांत में, वे वास्तविक निर्मित प्राणी हैं जो अंततः मृत्यु को प्राप्त होंगे, लेकिन वे आम तौर पर हमें नजर नहीं आते और हमें अनुभव नहीं होते।

वे दिव्य या अर्ध-दिव्य नहीं हैं, और वे ब्रह्मांड के विभिन्न मंडलों को चलाने वाले ईश्वर के सहयोगी भी नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, वे पूजा या प्रार्थना की वस्तु नहीं हैं, क्योंकि वे हमारी प्रार्थनाओं को ईश्वर तक नहीं पहुँचाते हैं। वे सभी ईश्वर के अधीन रहते हैं और उसकी आज्ञाओं को पूरा करते हैं।

इस्लामिक दृष्टि में, कोई पतित स्वर्ग से निर्वासित फ़रिश्ते नहीं हैं: वे 'अच्छे' और 'बुरे' फ़रिश्तों में विभाजित नहीं हैं। मनुष्य मरने के बाद फ़रिश्ता नहीं बनता। शैतान कोई निर्वासित फरिश्ता नहीं है, बल्कि एक जिन्न है, जो मनुष्य और फरिश्तों के समानांतर ईश्वर की रचना है।

मनुष्यों के बनने से पहले फरिश्तों को प्रकाश से बनाया गया था, और इस कारण इस्लामी कला में उनका चित्रात्मक या प्रतीकात्मक निरूपण दुर्लभ है। फिर भी, वे मुस्लिम धर्म-शास्त्र में वर्णित अनुसार, आम तौर पर पंख लगे सुंदर प्राणी हैं।

फ़रिश्ते अलग-अलग ब्रह्मांडीय पदानुक्रम और व्यवस्था इस अर्थ में बनाते हैं कि वे विभिन्न आकार, प्रतिष्ठा और श्रेष्ठता के होते हैं।

उनमें से महानतम गेब्रियल (जिब्रील) है। इस्लाम के पैगंबर ने वास्तव में उन्हें उनके असली रूप में देखा था। साथ ही, ईश्वर के सिंहासन के सेवक सबसे महान फ़रिश्तों में से होते हैं। वे आस्थावानों से प्रेम करते हैं और ईश्वर से उनके पापों को क्षमा करने के लिए अनुनय करते हैं। वे ईश्वर के सिंहासन का उठाते हैं. पैगंबर मुहम्मद, भगवान की दया और आशीर्वाद उन पर सादा रहे, ने कहा था:

"मुझे सिंहासन को ढोने वाले ईश्वर के फ़रिश्तों में से एक के बारे में बोलने की अनुमति दी गई है। उसके कानों और कंधों के बीच की दूरी सात सौ साल की यात्रा के बराबर है।" (*??? ????*)

वे खाते-पीते नहीं हैं। फ़रिश्ते ईश्वर की पूजा करते-करते कभी ऊबते या थकते नहीं हैं:

"वे रात-दिन उसकी स्तुति करते हैं, और वे कभी सुस्त नहीं पड़ते।" (क़ुरआन 21:20)

फरिश्तों की संख्या

कितने फ़रिश्ते हैं? केवल ईश्वर ही जानता है। एक विशेष घर है, जो मक्का शहर में स्थित काले घनाकार काबा के ऊपर एक पवित्र स्वार्गिक अभयारण्य है। हर दिन सत्तर हजार फ्रिश्ते यहाँ आते हैं और फिर कभी लौट कर नहीं आते, उसके बाद कोई दूसरा समूह यहाँ आता है।[1]

फरिश्तों के नाम

मुसलमान *???????* (गेब्रियल), *??????* (माइकल), *???????*, *?????* - नर्क के रक्षक, और अन्य जैसे इस्लामी स्रोतों में वर्णित विशिष्ट फ़रिश्तों में विश्वास करते हैं। इनमें से केवल गेब्रियल और माइकल का उल्लेख बाइबिल में है।

फरिश्तों की शक्तियां

फ़रिश्तों के पास ईश्वर द्वारा दी गई महान शक्तियाँ हैं। वे कई रूप धर सकते हैं। मुस्लिम धर्मग्रंथ में वर्णन है कि कैसे यीशु के गर्भाधान के समय, ईश्वर ने गेब्रियल को एक आदमी के रूप में मैरी के पास भेजा था:

"... फिर हमने उसके पास अपना फरिश्ता भेजा, और वह उसके सामने हर तरह से एक आदमी के रूप में प्रकट हुआ।" (कुरआन 19:17)

फरिश्तों ने अब्राहम से भी मानव रूप में मुलाकात की थी। उसी तरह, फ़रिश्ते लूत के पास सुन्दर, युवा पुरुषों के रूप में उसे खतरे से बचाने के लिए आए थे। गैब्रियल विभिन्न रूपों में पैगंबर मुहम्मद से मिलने जाते थे। कभी वे उनके सुन्दर शिष्यों में से किसी एक के रूप में प्रकट होते थे, तो कभी किसी रेगिस्तानी घुमंतू के रूप में।

फ़रिश्तों में कुछ परिस्थितियों में मानव रूप लेने की क्षमता होती है।

गेब्रियल मानव जाति के लिए ईश्वर का स्वर्गीय दूत है। वह ईश्वर के रहस्योद्घाटन को अपने मानव दूतों तक पहुंचाता है। ईश्वर कहते हैं:

"जो कोई गेब्रियल का दुश्मन है - क्योंकि वह (रहस्योद्घाटन) को आपके दिल में ईश्वर की इच्छा से लाता है... " (कुरआन 2:97)

फरिश्तों के कार्य

कुछ फ़रिश्तों को भौतिक संसार में ईश्वर की व्यवस्था को क्रियान्वित करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। माइकल वर्षा के लिए जिम्मेदार है, जहां भी ईश्वर चाहते हैं वह उसे वहाँ ले जाता है। उसके पास ऐसे सहायक हैं जो उसके स्वामी की आज्ञा से उसकी सहायता करते हैं; वे हवाओं और बादलों को निर्देशित करते हैं, जैसा ईश्वर चाहता है। *???????* तुरही (भोंपू) बजाने के लिए जिम्मेदार है, जो प्रलय और न्याय के दिन की शुरुआत में बजाया जाएगा। कुछ अन्य मृत्यु के समय आत्माओं को शरीर से बाहर निकालने के लिए जिम्मेदार हैं: मृत्यु का दूत और उसके सहायक। ईश्वर कहता है:

"कह दो कि: मृत्यु के दूत, आप के प्रभारी, (विधिवत) आपकी आत्माओं को अपने अधिकार में लेंगे, फिर आपको आपके स्वामी के पास वापस लाया जाएगा।" (कुरआन 32:11)

फिर घर पर या यात्रा के समय, सोते या जागते हुए, जीवन भर आस्तिक की रक्षा करने के लिए अभिभावक फ़रिश्ते होते हैं।

कुछ अन्य मनुष्य के अच्छे और बुरे कर्मों का हिसाब रखने के लिए जिम्मेदार हैं। इन्हें "माननीय लेखपालों" के रूप में जाना जाता है।"

कब्र में लोगों का परीक्षण करने के लिए दो फ़रिश्ते, *?????* और *????* जिम्मेदार हैं।

इनमें जन्नत के रखवाले और नरक के उन्नीस 'पहरेदार' हैं जिनके नेतृत्वकर्ता का नाम '*?????*' है।'

भ्रूण में आत्मा को सांस फूँकने और उसके प्रावधानों, जीवन-काल, कार्यों को लिखने के लिए और क्या यह दुखी या खुश होगा, लिखने का जिम्मा भी कुछ फ़रिश्तों को दिया गया है।

कुछ फ़रिश्ते घुमंतू होते हैं, दुनिया भर में उन सभाओं की तलाश में यात्रा करते हैं जहां ईश्वर को याद किया जाता है। ईश्वर की स्वर्गीय सेना का गठन करने वाले फ़रिश्ते भी होते हैं, जो पंक्तियों में खड़े होते हैं, वे कभी थकते या बैठते नहीं हैं, और कुछ अन्य जो झुकते या दंडवत करते हैं, और कभी भी अपना सिर नहीं उठाते हैं, हमेशा ईश्वर की पूजा करते रहते हैं।

हमने ऊपर जाना है, फ़रिश्ते ईश्वर की एक भव्य रचना हैं, जो संख्या, भूमिकाओं और क्षमताओं में भिन्न-भिन्न होते हैं। ईश्वर को इन प्राणियों की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनके बारे में जानने और उनमें विश्वास होने से वह उस विस्मय और भव्यता में वृद्धि करता है जो व्यक्ति ईश्वर के प्रति अनुभव करता है. वह जो चाहता है उसे निर्मित कर सकता है, उसके द्वारा निर्मित रचनाएँ रचनाकार की भव्यता और उसकी महिमा का प्रमाण हैं।

फुटनोट:

[1] *???? ??-??????.*

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/41

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।